एसएसपी अनंत देव ने

चालक को पीट कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी।

ने बताया कि सोमवार की शाम पिता राजू, महावीर (ससुर) और सुधा (साली) के साथ

कराया है। पुलिस फरार मैरिज चालक की तलाश कर रही है।

ं चली

यल

लगे। बेटे को बहू से
बीच बचाव करने पहुंचीं
का दे दिया। जिससे वह
न्द्र बेटे को समझाने के
भी हाथापाई करने लगा।
तो वह भाग कर कमरे
और पिता की लाइसेंसी
दूक निकाल लाये और
त को मारने के लिये
ी पिता सुरेन्द्र ने उन्हें
या और छीनाझपटी में
गया और गोली शिव
र ज...। जिससे वह
देख परिजनों ने आनन
लिये नर्सिंगहोम में भर्ती

अजय नारायण सिंह ने
कुमार सिंह का शराब
बाद हो गया था पिता से
गोली से वह घायल हो
अभी तक तहरीर नहीं

जल्द बनेगा आरपीएफ का बम डिटेक्शन स्क्वायड

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

कानपुर।

आरपीएफ के पास शीघ्र ही अपना बम डिटेक्शन स्क्वायड होगा। इस दिशा में कार्य शुरू किया जा चुका है। यह जानकारी सोमवार को आईजी आरपीएफ एस.एन पाण्डेय ने दी। वह आरपीएफ की बैरकों का मुआयना करने शहर आए थे।

आईजी आरपीएफ ने बैरकों का किया मुआयना

मार्च में नई बैरक में रहने लगेंगे सिपाही

सिपाहियों के मनोरंजन के लिए भी कक्ष

झकरकटी पुल के समीप आरपीएफ की नई बैरक बनाई गई है। कुछ ही काम बचे हुए हैं। जो कि फरवरी माह तक पूरे कर लिये जाएंगे। यह जोन की पहली मॉडर बैरक है। जहां सिपाहियों के मनोरंजन के लिए भी अलग कक्ष बनाया गया है। जबकि इसकी क्षमता भी पुरानी बैरक की तुलना में ज्यादा है। आईजी आरपीएफ (जोन) एस.एन पाण्डेय ने सोमवार को आरपीएफ की इस नई बैरक सहित कुल तीन बैरकों का मुआयना किया। पुरानी बैरकों की दशा भी देखी। हालांकि पुरानी बैरकों की साफ-सफाई से वह संतुष्ट दिखे। नई बैरक के कक्षों मेस व मनोरंजन हाल को देख भी वह संतुष्ट नजर आए। मुआयने के बाद संवाददाताओं से हुई संक्षिप्त बातचीत में उन्होंने कहा कि जब हमारे सिपाही पूरी नींद ले पाएंगे, तभी मुस्तैदी से ड्यूटी भी कर सकेंगे।

गोविन्दपुरी में बनेगी महिला बैरक

गोविन्दपुरी में जल्द ही आरपीएफ की महिला बैरक बनेगी। इस बाबत आईजी आरपीएफ ने स्थलीय मुआयने के बाद सहमति दे दी है। आरपीएफ से जुड़े सूत्रों के मुताबिक मातहतों के साथ हुई बैठक में आईजी एस.एन पाण्डेय द्वारा इस बाबत चर्चा की गई। पहले अनवरगंज , फिर जूही में महिला बैरक बनाने की बात बैठक में हुई। लेकिन इन दोनों जगहों पर सहमति नहीं बन पाई। इसके बाद तय हुआ कि गोविन्दपुरी महिला स्टेशन है। लिहाजा यहीं आरपीएफ महिला बैरक बनाई जाए। इसके बाद आईजी ने गोविन्दपुरी का मुआयना किया। यह बैरक निर्माण के बाबत सहमति दी।

उन्होंने बताया कि नई बैरक पहली मॉडल बैरक है। इसकी क्षमता भी 230 सिपाहियों की है। जबकि कानपुर में बैरकों में रहने वालों की कुल संख्या 407 है। इस लिहाज से इस बैरकों की क्षमता अच्छी है। उन्होंने बताया कि फरवरी में बैरक पूरी तरह से तैयार हो जाएगी। मार्च माह में इसमें दरोगा-सिपाही रहने लगेंगे। एक सवाल के जवाब में आरपीएफ आईजी ने कहा कि पहले बैच के सिपाहियों की भर्ती पूरी हो चुकी है। दूसरे बैच की प्रक्रिया भी 2 से 19 फरवरी तक पूरी हो जाएगी। नई भर्ती में 10 प्रतिशत महिलाएं भी होंगी।

एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि शीघ्र ही आरपीएफ का अपना बम डिटेक्शन स्क्वायड होगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कहीं बम्ब नष्ट (डिफ्यूस) करने की जरूरत पड़ती है तो इसके लिए पुलिस की ही मदद ली जाएगी।

ईडीसी से होने वाली समस्याओं को उठाया

योग बंधु की बैठक करते मंडलायुक्त।

एनओसी लेने और उद्योग को स्थापित कराता है। यूपीएसआईडीसी की मौजूदा उद्यमी हतोत्साहित हो रहा है। बैठक के में सड़क के दोनों तरफ तथा पनकी साइड पार्कों में स्थायी अतिक्रमण न हटने पर रते हुए नगर निगम, पुलिस प्रशासन और को निर्देश दिये कि अतिक्रमण 15 दिन न हो जाना चाहिए। बार बार अतिक्रमण ायनित करके उन पर भारी जुर्माना किया न औद्योगिक क्षेत्र में 6 किमी. की लिंक रोड के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिये है। दादा नगर नहर तक की सड़क का परीक्षण करके चौड़ीकरण और उसे गढ्ढामुक्त किया जाये। इसी क्रम में कानपुर देहात ने जैनपुर औद्योगिक क्षेत्र में सड़क के लिए 81.43 लाख रुपये शासन ने स्वीकृत किया गया है। इसे जल्द चालू किया जाये।

बैठक के दौरान देहात क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने के लिए कई बार आने जाने में बारा टोल प्लाजा पर बार बार पैसा देने एक गंभीर समस्या है। इस पर कमिश्नर ने कहा कि वह दोनों पक्षों से अलग से वार्ता करेंगे। उद्यम को स्थापित कराने में कमिश्नर के द्वारा किये जा रहे सहयोग के बाबत युवा उद्यमियों ने कमिश्नर को सम्मानित भी किया .इस मौके पर एडीएम सिटी विवेक श्रीवास्तव, संयुक्त आयुक्त वाणिज्यकर, उद्यमी उमंग अग्रवाल, ब्रजेश अवस्थी, अभिनव तिवारी, शिवकुमार गुप्ता, भगवान दास, शिवानी, महेंद्र नाथ, मोदी सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

राजासेठ होटल में लगी आग

कानपुर। कलक्टरगंज क्षेत्र अंतर्गत राजा सेठ होटल में सोमवार शाम आग लग गई जिससे हड़कंप मच गया। जानकारी पर पहुंची फायर बिग्रेड की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इंस्पेक्टर कलक्टरगंज धर्मेन्द्र कुमार का कहना है कि होटल के किचन में शार्ट सर्किट से आग लगी थी।

Frontier Springs Ltd.

(Largest Manufacturer of Springs for LHS Coaches)

NOTICE

Pursuant to Regulation 29 (a) read with Regulation 47 (1) (a) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 Notice is hereby given that a meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Saturday, 9th February 2019, at 1.00 p.m. at Km 25/4 Kalpi Road, Rania, Kanpur Dehat 209304 To consider, approve and take on record the un-audited Financial Results for the quarter ended December 31, 2018. The information contained in this notice is also available on the Company's Website www.frontiersprings.co.in and 'BSE Limited' (www.bseindia.com)

Pursuant to this, the company has decided to close the trading window from Tuesday, January 29,2019 to Tuesday, February 12,2019 (both days inclusive) for all its directors, officers and designated employees.

For Frontier Springs Limited
Sd/-
Dhruv Bhasin
(Company Secretary & Compliance Officer)

Date: 28.01.2019
Place: Kanpur